# B.Sc. (Part–I) Semester—II Examination

## HINDI (New)

समय : दो घंटे] [पूर्णांक : 40

1. निम्नलिखित किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिये :

(अ) 'उधार मांगना भी कला है' में बरसानेलाल चतुर्वेदी किस प्रकार व्यंग्य करते हैं ? पाठ के आधार पर समझाइए।

**अथवा**

(ब) 'बकुल' कहानी में समाज की योथी मानसिकता का प्रदर्शन करने में लेखिका सफल हुई है। बतलाइये। 8

2. निम्नलिखित किसी **एक** संच के प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(अ) आचरण की सभ्यता किस प्रकार प्राप्त होगी ? पाठ के आधार पर समझाइये।

(आ) साबिया का चरित्र वर्णन कीजिये।

**अथवा**

(इ) मंगलसेन घर का उपेक्षित पात्र है। स्पष्ट कीजिये।

(ई) पृथ्वीराज की व्यथा का वर्णन कीजिये। 10

3. किसी **एक संच** के प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

(क) कृष्ण का बाल वर्णन करने में सूरदास सफल हुये हैं। समझाइये।

(ख) 'दान' कविता में मनुष्य के किन-किन गुणों पर प्रकाश डाला है ?

**अथवा**

(ग) 'नया तूर्य' में कौनसा संदेश भवानीप्रसाद मिश्र देते हैं ?

(घ) आलस त्यागने का संदेश 'जाग तुझको दूर जाना' कविता में कवि देते हैं। कविता के आधार पर समझाइये। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक की सूचनानुसार लिखियें (कोई भी **दो**) :

(अ) गद्य खंड से :

(1) 'आचरण की सभ्यता' निबंध के लेखक हैं ............।
(मालती जोशी, सरदार पूर्ण सिंह, महादेवी वर्मा)

(2) हल्दी लगे न फिटकरी, रंग .............. हो जाए। (गाढ़ा, फिका, चोखा)

(3) मालती जोशी लिखित कहानी है ............। (सबिया, बकुल फिर आना, बड़े घर की बेटी)

(4) "तुम शर्त जीत गए। बस तनख्वाह मिलने पर दो रुपये नकद तुम्हारी हथेली पर रख दूँगा।"— किसका कथन है ? (वीरजी, मनोरमा, सन्तू)

2

(आ) पद्य खंड से (कोई भी **दो**) :

(1) सूरदास किस शाखा के कवि हैं ? (रामभक्त, हनुमानभक्त, कृष्णभक्त)

(2) 'दान' कविता के कवि हैं ............। (सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सूरदास, महादेवी वर्मा)

(3) है तुझे अंगार शैया पर मृदुल ............ बिछाना। (पत्तियां, टेहनिया, कलियाँ)

(4) 'नया तूर्य' कविता ............ लिखित है।
(भवानीप्रसाद मिश्र, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा)

2

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

5. (अ) आशा प्रकाशन कानपुर को वी.पी.पी. द्वारा पुस्तक भेजने हेतु पत्र लिखिये।

अथवा

मॉरिस कॉलेज बंबई के प्राचार्य के नाम महाविद्यालय में पर्याप्त खेलकूद की सामग्री प्राप्त करवाने हेतु पत्र लिखिये। 4

(आ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिये (कोई भी दो) :

(1) जल में रहकर मगर से बैर

(2) नीम हकीम, खतरे जान

(3) नाम बड़े, दर्शन छोटे

(4) आ बैल मुझे मार। 4

(इ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिये (केवल दो) :

(1) उसके सब कुछ लुट गया।

(2) वह तीन दीन से भूखा है।

(3) कल अवकाश था, अतः इसलिए मैं नहीं आया।

(4) दादा जी घर नहीं है। 2


www.FirstRanker.com